RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 247 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

कुर्ला बस हादसे के बाद खुली बेस्ट की नींद...



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## सीएम फडणवीस बोले, अजित दादा लोग आपको परमानेंट डिप्टी सीएम बोलते हैं, लेकिन....

# अजित पवार एक न एक दिन CM बनेंगे

"महाराष्ट्र के नागपुर में विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है. इस बीच विपक्ष के नेता अजित पवार को परमानेंट डिप्टी सीएम कहकर तंज कस रहे हैं. राज्य के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इसी को लेकर गुरुवार (19 दिसंबर) को अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि अजित पवार एक न एक दिन मुख्यमंत्री बनेंगे. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बोलते हुए कहा, ''अजितदादा, लोग आपको स्थायी उपमुख्यमंत्री कहते हैं, लेकिन मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं. आपको एक दिन मुख्यमंत्री जरूर बनना है.''



**मुझे और मेरे परिवार को व्यक्तिगत तौर पर निशाना बनाया- फडणवीस**

सीएम फडणवीस ने आगे कहा, ''पिछले पांच सालों में मुझे और मेरे परिवार को व्यक्तिगत तौर पर निशाना बनाया गया है. सुबह से शाम तक 5 से 7 लोग एक ही व्यक्ति के बारे में बात करते हैं. इसीलिए महाराष्ट्र के लोगों की मेरे प्रति सहानुभूति थी.''

**समाज एकजुट रहेगा तो हम आगे बढ़ सकते हैं- फडणवीस**

उन्होंने ये भी कहा, ''समाज एकजुट रहेगा तो हम आगे बढ़ सकते हैं. इसीलिए हमने नारा दिया 'एक हैं तो सेफ हैं'. महाराष्ट्र के लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी और महायुति को बड़ी जीत मिली. पिछले पांच वर्ष महाराष्ट्र के लिए परिवर्तन के रहे. जाति राजनेताओं के दिमाग में उतनी नहीं है जितनी लोगों के दिमाग में है.'' देवेंद्र फडणवीस ने नक्सलवाद को लेकर भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, ''हमने नक्सलवाद के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है. नक्सली भारतीय संविधान को नहीं मानते, लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते. वो संविधान द्वारा निर्मित किसी संस्था में विश्वास नहीं करते. जब देश में नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी लड़ाई शुरू हुई तो बड़ी संख्या में नक्सली खत्म होने लगे. नई भर्तियां कम होने लगीं. इसे शहरों में जगह मिलनी शुरू हो गई. यही विचार हमारे बच्चों में भी डालने का प्रयास किया गया. हम सभी इससे गुजर चुके हैं. इसका लोकप्रिय नाम अर्बन नक्सलवाद हो गया.''

## मुंबई में कांग्रेस दफ्तर पर बीजेपी कार्यकताओं ने की तोड़फोड़

# पुलिस का लाठीचार्ज...





**मुंबई :** मुंबई में कांग्रेस के ऑफिस में बीजेपी कार्यकताओं तोड़फोड़ की गई. कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी के कार्यकताओं हमारे ऑफिस का दरवाजा तोड़ा. इसके बाद मौके पर पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया. बीजेपी कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे. बीजेपी का आरोप कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है. बीजेपी युवा मोर्चा के आंदोलन करने वाले लोगों को आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में ही रखा गया है. वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता आजाद मैदान पुलिस स्टेशन पहुंचे हैं.

घटना को लेकर बीजेपी यूथ विंग के कार्यकताओं ने कहा, ''राहुल गांधी ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है हमारे सांसदों को धक्का दिया है उसके लिए हम उनके लोगों से जवाब मांगने के लिए कांग्रेस कार्यालय गए थे, जहां पर हम शांतिपूर्ण तरीके से ही बाबा साहेब अंबेडकर ने जिस तरह का संविधान में आंदोलन करने की बात कही है. हम अब कुछ हिसाब से आंदोलन कर रहे थे. पुलिस ने लाठी चार्ज की भीड़ ज्यादा हो गई थी.

वहीं इससे पहले महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर गुरुवार को विधान भवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि देश संविधान निमार्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा. महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं ने नीली टोपी और मफलर पहनकर नागपुर के संविधान चौक से मोर्चा निकाला. विपक्षी सदस्य 'बाबासाहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' का नारा लगाते हुए विधान भवन परिसर की सीढ़ियों पर पहुंचे.

# यूट्यूब पर वीडियो देखकर एक पढ़ा-लिखा युवक बना चेन स्नेचर...

## फिल्मी स्टाइल में करता था स्नेचिंग, चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बदलापुरः** बदलापुर पूर्व पुलिस ने बदलापुर में महिलाओं के गले से सोने की चेन खींचकर लूटपाट करने वाले प्रवीण पाटिल नामक एक चेन स्नेचिंग के आरोपी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पढ़ा लिखा युवक है व उसने यूट्यूब पर लूटपाट के वीडियो देखकर उसने यह रास्ता अख्तियार किया था। पिछले 15 से 20 दिनों में इस युवक ने सोने की चेन को लूटने की 5 वारदातों को अंजाम दिया था। आम तौर पर सोने की चेन खींचने वाले लुटेरे दोपहिया वाहन पर सवार दो युवक होते हैं, लेकिन प्रवीण पाटिल लूट की घटना को अकेले की अंजाम देता था। प्रवीण नाम से ही नहीं स्नेचिंग में भी प्रवीण था। वह अकेले पैदल जा रही महिला का पीछा कर यह युवक अपना शिकार बनाता था। एक हाथ से बाइक चलाता था और दूसरे हाथ से सोने की चेन खींचता यह सब वह फिल्मी स्टाइल जैसा करता था। प्रवीण प्रभाकर पाटिल कर्जत तालुका के शेलु का रहने वाला है। पुलिस जांच में पता चला कि वह अपनी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगता था और सोने की चेन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने उससे पांच अपराध सुलझाए हैं, जिनमें बदलापुर पूर्व में चेन चोरी के 2 मामले और पश्चिम में 3 मामले शामिल है।

## हनीमून के लोकेशन को लेकर हुई भयंकर लड़ाई, गुस्साए ससुर ने दामाद पर फेंका तेजाब...





**ठाणेः** महाराष्ट्र से मिली एक चौंकाने वाली खबर के अनुसार यहां के ठाणे जिले में एक ससुर ने अपने ही दामाद पर तेजाब से हमला कर दिया। खबरों की मानें तो 29 साल के एक नवविवाहित युवक पर उसके ससुर ने हनीमून स्थल को लेकर हुए विवाद के बाद कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया, जिससे वह झुलस गया। इस बाबत आज मिली जानकारी के अनुसार कल्याण क्षेत्र के बाजारपेठ पुलिस थाने के ररक एसआर गौड़ ने बताया कि दामाद इबाद अतीक फाल्के को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी जाकी गुलाम मुर्तजा खोतल (65) फरार है।

इस बाबत ररक गौड़ ने कहा कि FIR के अनुसार, फाल्के ने हाल ही में खोतल की बेटी से शादी की थी और वह हनीमून के लिए कश्मीर जाना चाहता था, लेकिन उसके ससुर की इच्छा थी कि बेटी-दामाद विदेश में किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करें, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। मामले पर पुलिस की मानें तो , बीते बुधवार रात फाल्के जब घर लौटा और अपनी गाड़ी सड़क के पास खड़ी कर दी। वहीं खोतल, जो अपनी कार में बैठकर फाल्के का इंतजार कर रहा था, उसकी तरफ दौड़ा और कथित तौर पर उस पर तेजाब फेंक दिया, जिससे उसका चेहरा और शरीर झुलस गया। पुलिस का कहना है कि, मुर्तजा खोतल अपनी बेटी की शादी फाल्के से खत्म करना चाहता था।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चीन पर भरोसा न करे भारत

पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच उच्चस्तरीय वार्ता के बाद द्विपक्षीय संबंधों में नरमी के संकेत मिले। इस वार्ता में भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन की ओर से विदेश मंत्री वांग यी शामिल हुए। वार्ता की यह पहल पूर्वी लद्दाख और अक्साई चिन सीमा पर 2020 से चले आ रहे सैन्य टकराव को सुलझाने के पश्चात आरंभ की गई है। उस समझौते के तहत चीन ने विवादित क्षेत्रों से अपनी सेना को पीछे हटाया है, जहां उसने भारतीय सेना को गश्त करने से रोका था। सैन्य निकासी के अलावा चीन ने आश्वासन दिया है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के 'मूल हितों और प्रमुख सरोकारों को समझते हुए और ईमानदारी एवं सद्भावना के साथ मतभेदों को सुलझाने के लिए तैयार हैं।'

कूटनीतिक सरगर्मियों के मद्देनजर अहम सवाल यही है कि क्या चीन का भारत के प्रति वाकई कोई हृदय परिवर्तन हुआ है और अगर ऐसा हुआ है तो इसका कारण क्या है? बीते 12 वर्षों से चीन पर राज करते हुए तानाशाह राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मंशा पर ध्यान दें तो यह असंभव है कि उन्होंने एशिया और विश्व में चीन के वर्चस्व और विस्तारवाद का सपना रातोंरात त्याग दिया है। 'प्रमुख देश कूटनीति' नामक उनकी अवधारणा के अनुसार चीन कभी भी अपने 'वैध अधिकारों और हितों' को नहीं छोड़ेगा और पड़ोसी देशों के साथ विवादों में अपनी शक्ति एवं श्रेष्ठता के बलबूते हावी रहेगा। भारत के अलावा एक दर्जन से अधिक देशों के साथ चीन के अनसुलझे क्षेत्रीय विवाद हैं और इन सभी के प्रति शी के शासन में चीन ने दबंग व्यवहार अपनाकर धौंस देना जारी रखा है। 'ग्रे जोन' और 'सलामी स्लाइसिंग' रणनीतियों का उपयोग करते हुए चीन ने पड़ोसियों पर सैन्य एवं आर्थिक दबाव डालकर यही चेष्टा की है कि कमजोर देशों पर चीन की इच्छा थोपी जाए। उनके अतिराष्ट्रवादी 'चीनी स्वप्न' का लक्ष्य एशिया में उस पुराने साम्राज्यवादी युग को पुनः स्थापित करना है, जहां चीन का कथित तौर पर प्रभुत्व था और पड़ोसियों को बीजिंग में सम्राट के सामने झुककर प्रणाम करना पड़ता था। शी जैसे कट्टर निरंकुश नेता का इतने भव्य एवं महत्वाकांक्षी स्वप्न को भुला देना नामुमकिन है। चीन को केवल महाशक्ति बनाना ही नहीं, बल्कि अमेरिका को पछाड़कर विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित करने और चीनी मूल्यों पर आधारित नई विश्व व्यवस्था कायम करने जैसे लक्ष्यों को साधने के लिए वह कोई कोर-कसर नहीं छोड़ने वाले। हालांकि उनकी यह राह आसान नहीं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# कुर्ला बस हादसे के बाद खुली बेस्ट की नींद...

## ड्राइवरों की ट्रेनिंग व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

**मुंबईः** बेस्ट (बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट) के पास ड्राइवरों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए बसें हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वेट लीज ऑपरेटर्स अपने ड्राइवरों को इस ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजते। बेस्ट के पास 7 ट्रेनिंग बसें हैं, जिनका उपयोग उनके अपने ड्राइवरों के साथ-साथ हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (जैसे ट्रक, फायर टेंडर, टेम्पो और टैंकर) के लिए आवेदन करने वालों को ट्रेनिंग देने में किया जाता है। हाल ही में कुर्ला में बेस्ट बस के हादसे के बाद, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 41 घायल हुए, अधिकारियों ने ड्राइवर ट्रेनिंग के लिए इलेक्ट्रिक बस को इस बेड़े में शामिल करने पर विचार किया है। एक रिटायर्ड आरटीओ अधिकारी ने बताया कि ई-बस पर ट्रेनिंग, डीजल और सीएनजी बसों से अलग होती है। ई-बस में एक्सेलेरेशन और रीजेनरेटिव ब्रेकिंग का रिस्पॉन्स टाइम काफी तेज होता है। इसलिए ई-बस में ड्राइवरों को ट्रेनिंग देना बेहद जरूरी है।



**अभी क्या है पूरी व्यवस्था?**


बेस्ट अब वेट लीज ऑपरेटर्स और खुद के ड्राइवरों के लिए ड्राइवर ट्रेनिंग के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और ट्रेनिंग मॉड्यूल को अपडेट करने पर काम कर रहा है। बेस्ट के मुताबिक, इन 7 ट्रेनिंग बसों में से 5 सीएनजी पर चलती हैं और 2 डीजल पर, जिनमें सभी मैन्युअल गियर और क्लच हैं। इनमें एक बस, जिसे 'अश्विनी' कहा जाता है, एक मोबाइल ड्राइवर ट्रेनिंग बस है। इसमें एक इन-बिल्ट स्क्रीन है, जो पुराने बस हादसों के वीडियो दिखाने के लिए इस्तेमाल होती है। बाकी 6 बसें मुंबई के 27 बेस्ट डिपो में घूमती हैं और ट्रेनिंग के लिए उपयोग की जाती हैं। एक बेस्ट अधिकारी ने बताया कि हम इन बसों का उपयोग ड्राइवरों को ट्रेनिंग देने और हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ के आवेदकों का टेस्ट लेने के लिए करते हैं। हम अपने कर्मचारियों को भी ट्रेनिंग देते हैं, लेकिन वेट लीज ऑपरेटर्स के ड्राइवर बहुत कम इस सुविधा का उपयोग करते हैं।

**नए नियम बनाने की तैयारी**

सूत्रों के मुताबिक, जो वेट लीज ऑपरेटर्स अब बेस्ट से अपनी सेवाएं हटा चुके हैं, वे कभी-कभार अपने ड्राइवर भेजते थे। हालांकि, जिनके बेड़े में ई-बस हैं, उन्होंने अपने ड्राइवरों को ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजा। आमतौर पर, बेस्ट ड्राइवर ट्रेनिंग के लिए प्रति उम्मीदवार 350-400 रुपये चार्ज करता है। यह ट्रेनिंग 30 मिनट या लगभग 3 किमी तक चलती है और यह टेस्ट बस डिपो के अंदर ही होता है। कुर्ला हादसे के बाद 5 सदस्यीय कमेटी ड्राइवर ट्रेनिंग के लिए नए नियम बनाने पर काम कर रही है। बेस्ट अधिकारियों ने कहा कि वे ड्राइवरों को ई-बस पर 15-30 दिनों की ट्रेनिंग देने पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा, 7 ट्रेनिंग बसों में से कम से कम 3 बसें 2025 तक स्क्रैप हो जाएंगी, जिससे कुल ट्रेनिंग बसों की संख्या घटकर 4 रह जाएगी।

# पोइसर नदी के विकास का रास्ता साफ

## पर्यावरण विभाग ने दी मंजूरी......



**मुंबई :** पोइसर नदी का विकास करने के लिए मनपा प्रशासन ने पांच साल पूर्व संकल्पना। मनपा ने दो साल पूर्व पुनर्विकास को लेकर ठेकेदार नियुक्त किया गया था। मनपा को अब पोइसर नदी का पुनर्विकास करने के लिए पर्यावरण विभाग से मंजूरी मिली है। पोइसर नदी एक समय साफ पानी के लिए उपयोगी मानी जाती थी। अब वह नालों में तब्दील हो गई है। मनपा ने पोइसर नदी का पुनर्विकास करने के लिए पांच साल पूर्व योजना बनाई थी। पोइसर नदी संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से निकलती है और पश्चिमी उपनगर से गुजरते हुए मार्वे क्रीक में खत्म होती है। हालांकि पिछले दस सालों में नदी परिसर किनारे बने झोपड़े से नदी प्रदूषित तो हुई ही साथ ही नाले में तब्दील हो गई। नदी के आस-पास बने झोपडों से निकलने वाली गंदगी उसी नाले में जाने लगी जिससे नदी नाले में तब्दील हो गई। मनपा ने नदी में जाने वाले गंदे पानी पर प्रक्रिया कर उसे शुद्ध करने का काम शुरू करने का निर्णय लिया गया। मनपा ने नदी के किनारे अलग-अलग स्थानों पर दस छोटे सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित करके नदी को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। इनमें से प्रत्येक एसटीपी की क्षमता 33 एमएलडी सीवेज के उपचार की होगी। इसके अलावा पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए नदी के किनारों को भी चौड़ा किया जाएगा और मनपा नदी के किनारों से सटे एक सर्विस रोड का निर्माण भी करेगी। मनपा के एक अधिकारी ने बताया, ''वन मंत्रालय, मैंग्रोव सेल और कोस्टल प्राधिकरण से मंजूरी पहले मिल गई है। पर्यावरण की अब मंजूरी मिलने से एसटीपी के निर्माण का काम अब सीधे शुरू किया जाएगा। मनपा ठेकेदार की नियुक्ति पहले ही हो चुकी है।

### परियोजना के लिए 1,192 करोड़ रुपए का ठेका

1. मनपा ने पोइसर नदी पुनरुद्धार परियोजना के लिए 1,192 करोड़ का ठेका दिया है।
2. पोइसर नदी के किनारे बसे 250 झोपड़धारकों को घर देकर उन्हें स्थान्तरित करने की अब कार्रवाई की जाएगी।
3. मनपा इसी तरह दहिसर नदी का पुनरूद्धार करने के लिए 246 करोड़ खर्च करने का काम करने का ठेका दिया है। इस नदी की चौड़ाई 35-40 मीटर है। इस नदी पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कर दिया गया है।
4. नदी पुनरुद्धार परियोजना की संकल्पना मूल रूप से माधव चितले समिति द्वारा की गई थी।
5. जिसका गठन जुलाई 2005 में मुंबई में आई प्रलय कारी बाढ़ के बाद किया गया था।

### 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धरे गए राजस्व सहायक... तहसीलदार कार्यालय में मचा हडकंप, दर्ज हुई FIR

**कल्याणः** भ्रष्टाचार का जिन्न लगातार आम आदमी के लिए गले की फांस बना हुआ है। ताजा मामला महाराष्ट्र के कल्याण से सामने आया है जहां एक राजस्व सहायक को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ठाणे भ्रष्टाचार निवारण पथक द्वारा कल्याण तहसीलदार कार्यालय में यह कार्रवाई की गयी है, जमीन खरीदने के बाद सतबारा में रजिस्ट्री करने के लिए रिश्वत मांगी गयी थी। रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए राजस्व सहायक का नाम संतोष पाटिल बताया जा रहा है।

संबंधित शिकायतकर्ता ने कल्याण तहसील के रायते गांव में दस गुंटा जमीन खरीदी है। शिकायतकर्ता किसान इस जमीन की साथ 12 नकल और नामांतरण कानूनी रूप से अपने नाम कराने का प्रयास कर रहा था। संबंधित शिकायतकर्ता ने परिवर्तन के पंजीकरण के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और सरकारी दस्तावेज कल्याण तहसील कार्यालय में जमा कर दिए थे।

# यात्रियों को बड़ी खुशखबरी...

## 1300 से अधिक नई बसें शामिल करने का फैसला



**मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम ने नए साल पर लोगों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ने बड़ा निर्णय लिया है। महामंडल ने महाराष्ट्र की जनता को नए साल तोहफा देने जा रही है।

यह खुशखबरी महाराष्ट्र स्टेट ट्रांसपोर्ट बस से यात्रा करने वाले लोगों के लिए है। महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम अपने बेड़े में 1300 से ज्यादा बसें शामिल करने जा रही है। इस फैसले से महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम के पास बसों की संख्या में अच्छी खासी बढ़ोतरी होगी। पिछले कुछ सालों से राज्य मार्ग परिवहन निगम बस यात्रा के दौरान समस्या झेल रहे लोगों को राहत भी मिलेगी। इतना ही नहीं बसों की संख्या बढ़ने की वजह से यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है। क्योंकि पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम की बसों से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या 11 लाख तक की गिरावट देखी गई है। जानकारी के अनुसार, कोरोना काल से पहले महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम के बेड़े में 18500 थी, जिसमें से 15500 सेवा में थी।

आपको बता दें, तब रोजाना 65 लाख लोग स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस से यात्रा करते थे, लेकिन कोविड के बाद महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम में बसों के खराब और नई बसों की किल्लत से तकरीबन 1000 बसें कम हुईं। बसों की संख्या कम होने की वजह से 14500 बस ही सेवा में थी। यही वजह है कि यात्रियों की संख्या भी 65 लाख से घटकर 54 लाख पहुंच गई थी। यात्रियों की संख्या घटने की वजह से महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम को कई सालों तक घाटा सहना पड़ा था।

महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम के द्वारा बसों की संख्या बढ़ाए जाने का फैसला लेने के बाद जिसके तहत मुंबई-पुणे क्षेत्र के अलावा नाशिक-संभाजीनगर और नागपुर-अमरावती समेत हर एक रीजन के लिए तकरीबन 450 बसें सेवा में शामिल होंगी। महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम से मिली जानकारी के मुताबिक, बेड़े में शामिल की गई ये नई बसें नए साल से सेवा में आ सकती हैं। इससे महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन निगम को हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

# भिवंडी में एंटी रैबीज इंजेक्शन जनता की सुविधा के लिए उपलब्ध।




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी महानगरपालिका द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन भिवंडी के अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध कराई गई है भिवंडी महानगरपालिका जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भिवंडी में आवारा कुत्तों के काटने से जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और आसानी से उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन मिल सके इसलिए भिवंडी महानगरपालिका द्वारा बीजीपी दवाखाना बंगाल पुरा, इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल, नवी बस्ती पानी टंकी मनपा शाला क्रमांक 87 , पर उपलब्ध है, जगह जगह उपलब्ध एंटी रैबीज इंजेक्शन से जनता को इंदिरा गांधी अस्पताल आने के बजाय अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर यह सुविधा मनपा ने उपलब्ध कराया है मनपा आयुक्त अजय वैद्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संदीप गाडेकर ने जरूरत पड़ने पर जनता से स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क कर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने की अपील की है.

### ट्रैफिक जुमार्ने की राशि 700 करोड़ से अधिक,

# वाहनों को जब्त करने और उनके मालिकों के खिलाफ आपराधिक मामला शुरू करने का फैसला



**मुंबई :** मुंबई ट्रैफिक जुमार्ने की कुल राशि 700 करोड़ रुपये से अधिक हो जाने के बाद, ट्रैफिक पुलिस विभाग ने वाहनों को जब्त करने और उनके मालिकों के खिलाफ आपराधिक मामला शुरू करने का फैसला किया है, अगर वे लंबित ई-चालानों की अनदेखी करना जारी रखते हैं। विभाग ने हाल ही में वाहनों को जब्त करने और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ अदालतों में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। मुंबई, भारत, शुक्रवार, 13 दिसंबर, २०२४ एसओपी के अनुसार, पुलिस को गैर-समझौता योग्य अपराधों से जुड़े मामलों में तेजी से आरोप पत्र दाखिल करना चाहिए, जो गंभीर आपराधिक अपराध हैं, जिनका निपटारा अदालत द्वारा नहीं किया जा सकता है। इनमें नशे में गाड़ी चलाना और खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना शामिल है। समझौता योग्य या गैर-गंभीर उल्लंघनों के लिए, अधिकृत पुलिस अधिकारियों को निर्धारित जुमार्ना स्वीकार करना चाहिए और अगर मोटर चालक ई-चालान के माध्यम से लगाए गए जुमार्ने का भुगतान करने के लिए तैयार है तो मामलों को समझौता करना चाहिए।

एसओपी में कहा गया है कि अगर वाहन मालिक ई-चालान के जरिए लगाए गए जुमार्ने का भुगतान करने से इनकार करता है, तो ट्रैफिक पुलिस को मालिक के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करनी चाहिए। ट्रैफिक पुलिस को यह भी निर्देश दिया गया है कि अगर उन्हें पता चले कि चालक या मालिक के पास ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कार्ड और कमर्शियल वाहनों के मामले में परमिट जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, तो वे वाहन जब्त कर लें।

# पानी चोरी पर पालिका का शिकंजा... होटल और प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई!



**भिवंडी :** भिवंडी महानगरपालिका ने शहर में पानी चोरी के बढ़ते मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। पालिका आयुक्त अजय वैध के निर्देश पर पानी पुरवठा अभियंता संदीप पटनावर के नेतृत्व में एक विशेष उड़न दस्ता गठित किया गया है। विराज भोईर के नेतृत्व में इस टीम ने अब तक 50 से अधिक मामलों में कार्रवाई करते हुए पानी चोरी करने वालों पर केस दर्ज करवाया है। ताजा मामला नागांव, गैबीनगर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान दो प्रतिष्ठान - ''केजीएन फास्ट फूड'' और ''रानी चाय'' होटल अवैध तरीके से पानी की चोरी करते पाए गए। आरोपियों ने जल आपूर्ति के पाइप से अवैध कनेक्शन जोड़कर पानी की चोरी की। जिससे पालिका प्रशासन को लगभग 35 हजार रुपये के आर्थिक नुकसान का आकलन किया गया है। पालिका की टीम ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की। हबीब मस्तान शेख व नदम नायब रसूल ने आधे आधे इंच का एक- एक नल कनेक्शन लिया था।

आरोपियों के नाम सामने आने के बाद केस दर्ज किया गया। साथ ही होटल मालिकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 2023 के कलम 324 (4), 303(2) और मनपा का आर्थिक नुकसान कलम 326 (क) तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। महानगरपालिका के जलापूर्ति विभाग अभियंता संदीप पटनावर ने चेतावनी दी है कि पानी चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना वसूला जाएगा। उन्होंने कहा, ''जल संकट को देखते हुए पानी की चोरी पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। अवैध कनेक्शन पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी।'' इसके साथ -साथ नागरिकों से अपील की है कि वे पानी चोरी की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

# 2024 में मुंबई-दिल्ली मार्ग पर 79.63 लाख सीटें, सोल-जेजू दुनिया का सबसे व्यस्त मार्ग

**मुंबई:** विमानन क्षेत्र का विश्लेषण करने वाली कंपनी ओएजी के अनुसार साल 2024 में मुंबई-दिल्ली मार्ग वैश्विक स्तर पर आठवें सबसे व्यस्त घरेलू मार्ग रहा। विमानन कंपनियों ने दोनों शहरों के बीच 79.63 लाख सीटें मुहैया कराईं। साल 2023 में यह मार्ग इस सूची में नौवें स्थान पर था और विमानन कंपनियों ने भारत के इन दो प्रमुख शहरों के बीच 72.76 लाख सीटें उपलब्ध कराई थीं।

ओएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2024 में सोल-जेजू दुनिया का सबसे व्यस्त घरेलू मार्ग रहा, जहां विमानन कंपनियों ने 1.4183 करोड़ सीटों का संचालन किया। इसमें कहा गया, 'शीर्ष 10 सबसे व्यस्त घरेलू मार्गों में से आठ एशिया में हैं जिनमें दक्षिण कोरिया, जापान, वियतनाम, भारत और चीन के प्रमुख ट्रंक मार्ग शामिल हैं।' होक्काइडो के चितोसे हवाई अड्डे से टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे के बीच का मार्ग 1.19 करोड़ सीटों के साथ वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा घरेलू मार्ग है और यह पिछले वर्ष के समान स्तर पर रहा है।

# ऐप-आधारित रेंटल सर्विस से किराए पर ली गई हुंडई क्रेटा कार लेकर भाग गया... व्यक्ति की तलाश शुरू



**मुंबई :** घाटकोपर पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति की तलाश शुरू की है, जो ऐप-आधारित रेंटल सर्विस से किराए पर ली गई हुंडई क्रेटा कार लेकर भाग गया है। चोरी की गई कार का मालिक एक डॉक्टर है, जो घाटकोपर इलाके में रहता है। किराए के ऐप पर बुक की गई कार लेकर व्यक्ति भाग गया पुलिस ने बताया कि कार को भिवंडी निवासी ने तीन दिनों के लिए - 18-21 नवंबर - के लिए बुक किया था, लेकिन उसने इसे अपने किसी परिचित को सौंप दिया, जिसने जीपीएस सिस्टम हटाने के बाद वाहन लेकर भाग गया।

पुलिस के पास संदिग्ध व्यक्ति का विवरण है और वे उसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। घाटकोपर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''वह व्यक्ति अभी महाराष्ट्र से बाहर है, लेकिन हम जल्द ही उसे पकड़ लेंगे।'' घाटकोपर पश्चिम के नारायण नगर में रहने वाले 51 वर्षीय शिकायतकर्ता सुभाष यादव ने अक्टूबर 2023 में कार खरीदी थी। उन्होंने इसे ऐप-आधारित रेंटल सर्विस को देने का फैसला किया, क्योंकि एक डॉक्टर होने के नाते वे ज्यादातर समय अपने क्लिनिक में बिताते थे और वाहन का ज्यादा इस्तेमाल नहीं कर रहे थे। उनके और रेंटल कंपनी के बीच समझौता होने के बाद, एक कर्मचारी ने वाहन पर जीपीएस डिवाइस लगा दी। 18 नवंबर को शाम करीब 4 बजे मालिक को सूचना मिली कि मोहम्मद कामिल रविश जावरे नामक व्यक्ति ने कार बुक की थी और उसे ले गया था।

# मुंबई : मीठी नदी पर बने पुल के डिजाइन को बदलने का फैसला किया

**मुंबई :** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मीठी नदी पर बने पुल के डिजाइन को बदलने का फैसला किया है, जो पुराने डिजाइन में ''इंजीनियरिंग और तकनीकी चुनौतियों'' के कारण मेट्रो 2बी कॉरिडोर का हिस्सा है। अंधेरी वेस्ट को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के माध्यम से मानखुर्द में मांडले से जोड़ने वाले 23.64 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर 75% काम पूरा हो चुका है, लेकिन महत्वपूर्ण पुल के डिजाइन में बदलाव से एक बार फिर दिसंबर 2025 से आगे पूरा होने की अंतिम समय सीमा में देरी हो सकती है।

मीठी नदी पर बने पुल के डिजाइन में बदलाव से मेट्रो 2बी में फिर देरी हो सकती है जब 2017 में मेट्रो 2बी कॉरिडोर पर काम शुरू हुआ था, तो एमएमआरडीए ने मीठी नदी पर केबल-स्टेड आर्च ब्रिज की योजना बनाई थी।

एमएमआरडीए के एक सूत्र ने कहा, ''केबल-स्टेड ब्रिज का निर्माण शुरू हो गया था, लेकिन इसे रोकना पड़ा क्योंकि हमें इंजीनियरिंग और तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा जो लंबे समय तक



अनसुलझी रहीं।'' पुल को फिर से डिजाइन करने के लिए नियुक्त की गई कंपनी स्पैनोवेशन कंसल्टिंग इंडिया के प्रवक्ता ने भी पुष्टि की कि पुल पर काम ''तकनीकी चुनौतियों'' के कारण बीच में ही रोक दिया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि ''बुनियाद और सबस्ट्रक्चर के कुछ हिस्सों का निर्माण मूल डिजाइन के अनुसार किया गया था, लेकिन तकनीकी चुनौतियों के कारण सुपरस्ट्रक्चर पर प्रगति में देरी हुई,'' उन्होंने बताया कि केबल-स्टेड आर्च ब्रिज को सरल, सेगमेंटल बैलेंस्ड कैंटिलीवर डिजाइन के पक्ष में क्यों खत्म करना पड़ा।

MMRDA के सूत्रों और स्पैनोवेशन के प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि किन इंजीनियरिंग और तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण महत्वपूर्ण पुल को फिर से डिजाइन करना पड़ा। यह भी ज्ञात नहीं है कि नींव और सबस्ट्रक्चर का उपयोग नए डिजाइन के लिए किया जा सकता है या नहीं। जबकि दहिसर पूर्व और अंधेरी पश्चिम (डीएन नगर) के बीच मेट्रो 2ए कॉरिडोर पिछले साल की शुरूआत में चालू हो गया था, अंधेरी पश्चिम को मांडले से जोड़ने वाले 2बी कॉरिडोर में अतीत में बार-बार समस्याएं आईं, जिससे पूरा होने की संभावित समय सीमा चार साल से अधिक पीछे चली गई।

# मनपा को खुद की हजारों संपत्तियों का नहीं है पता, हो रहा करोड़ों का नुकसान

**मुंबई :** मनपा का खजाना पिछले कुछ सालों से खाली हो रहा है। मनपा पिछले तीन सालों में लगभग दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट कर रही है जिसका असर उसकी तिजोरी पर पड़ा है। ऐसे में अब मनपा कमाई का रास्ता खोजने की शुरूआत की है। इसी कड़ी में मनपा अब अपनी संपत्ति खोजने में जुटी है। जिसका विकास कर मनपा ने अब कमाई करने का निर्णय लिया है। मनपा ने इसी के चलते सम्पत्तियों का जीआयएस' मॅपिंग कर खोज करेगी।

मनपा प्रशासन का कहना है कि उनकी सम्पत्तियों की उनको जानकारी नहीं होने से मनपा में आने वाले करोडों रुपए की कमाई का नुकसान हो रहा है। मनपा का कहना है कि हर साल करोडों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है क्योंकि उसके पास अपनी हजारों संपत्तियों का मालिकाना हक नहीं है। मनपा सभी संपत्तियों का पता लगाने के लिए जीआईएस टैगिंग करने जा रही है। जिससे इन संपत्तियों




का विकास करेगी और लोगों को घर उपलब्ध कराएगी। पट्टों को नवीनीकृत किया जाएगा, जिससे मनपा अपना राजस्व का स्रोत बढ़ाएगी। मनपा की खुद की लगभग 10,000 पंजीकृत संपत्तियां हैं। जबकि 10 से 20 प्रतिशत सम्पत्तियों की जानकारी मनपा को खुद नहीं है।

**इसलिए लिया गया फैसला ...**

मनपा के पास मनपा की हजारों संपत्तियों का रिकार्ड नहीं है। इस बारे में जानकारी मांगने पर हर विभाग की ओर से दी गई जानकारी में अंतर आ रहा है। मनपा अब सभी विभाग से जानकारी लेकर और सबसे अधिक नंबर वाली जानकारी को जांच कर अपनी सही संपत्ति को खोजेगी। इसके बाद नई संपत्तियों की भी तलाश की जाएगी। इसके बाद अंतिम आंकड़े के मुताबिक सभी संपत्तियों के दस्तावेज, पता, साइज समेत पूरी जानकारी 'जीआईएस' सिस्टम में दर्ज हो जाएगी।

**इस तरह होगा काम**

संपत्ति की जानकारी राज्य सरकार, सीए फाइनेंस सहित अन्य विभागों से इकठ्ठा की जाएगी। मनपा इंजीनियर के माध्यम से अपनी संपत्तियों की खोज कराई जाएगी। पट्टे पर दी गई संपत्ति, पट्टा कब पूरा होगा, अदालत में कितने मामले है, यह निर्धारित किया जाएगा। सभी संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग कर सभी जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध होगी। संपत्ति की जानकारी इकठ्ठा होने पर कौन सी संपत्ति का पहले विकास किया जाए, जिससे मनपा की कमाई बढे यह निर्णय लिए जाएगा।

# भिवंडी में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**भिवंडी :** पुलिस द्वारा अवैध रूप से भारत में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की मुहिम तेज कर दी गई है। इसी क्रम में भिवंडी के खोका कंपाउंड क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में रहने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इंदिरा नगर स्थित खोका कंपाउंड की झुग्गी बस्ती में किराए के मकान में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की सूचना पर शहर पुलिस थाने की एक टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान प्लंबर का काम करने वाले रमजान मोहम्मद अब्दुल रजाक शेख (32) और कबीर फियार अहमद शेख (40) को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान पाया गया कि ये दोनों अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे थे। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।


# वसई : स्कूल से घर लौट रही 14 वर्षीय लड़की की मौत

**वसई :** बुधवार दोपहर को एक 14 वर्षीय लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तभी उसे एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। यह दुर्घटना दोपहर करीब 12.30 बजे वसई पश्चिम में गोंसाल्वेस गार्सिया कॉलेज के सामने वाली सड़क पर हुई। 14 वर्षीय लड़की की टक्कर में मौत पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान शाइस्ता इमरान शाह के रूप में हुई है, वह उर्दू स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा थी और पापड़ी इलाके की निवासी थी। वह घर जा रही थी, जो स्कूल से 10 मिनट की दूरी पर था, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी।




जब शाइस्ता सड़क पर गिर गई और उसके सिर से खून बहने लगा, तो मोटरसाइकिल सवार अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जो मौके पर पहुंची और किशोरी को पास के अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वसई पुलिस ने बाइक जब्त कर ली और सवार की पहचान रोहित जाधव के रूप में की। वसई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालकृष्ण घाडीगांवकर ने बताया कि उन्होंने जाधव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (ए) के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है और उसकी लोकेशन का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम उसका पीछा कर रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेंगे।''

# मुंबई और औरंगाबाद में नौ अलग-अलग स्थानों पर तलाशी अभियान




**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ), मुंबई ने पीएमएलए , 2002 के प्रावधानों के तहत मुंबई और औरंगाबाद में नौ अलग-अलग स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया , एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा। मंगलवार को छापेमारी मेसर्स स्पेक्ट्रा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसआईएल) और अन्य के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई। तलाशी अभियान के दौरान बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, इक्विटी शेयर और 8 करोड़ रुपये की सिक्योरिटीज को फ्रीज कर दिया गया। आगे की जानकारी का इंतजार है।

# मुंबई: रिश्वतखोरी के आरोप में आईआरएस के दो अधिकारियों समेत सात लोग गिरफ्तार

**मुंबई:** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के आरोप में एसईईपीजेड में तैनात भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के दो अधिकारियों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इनके ऊपर आरोप है कि इन्होंने बिचौलियों के समूह से अवैध रूप से पैसे लिए थे।

मुंबई में बुधवार को सीबीआई के भ्रष्टाचार मामले में एक्शन देखेने को मिला। जहां मुंबई के सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (एसईईपीजेड) में तैनात भारतीय राजस्व सेवा



(आईआरएस) के दो अधिकारियों समेत सात लोगों को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मंगलवार को शुरू हुई थी, जिसमें आईआरएस के संयुक्त विकास आयुक्त सीपीएस चौहान और उप विकास आयुक्त प्रसाद वरवंतकर के साथ-साथ दो सहायक विकास आयुक्तों और तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। बता दें कि गिरफ्तार लोगों पर आरोप है कि इन्होंने बिचौलियों के समूह से अवैध रूप से पैसे लिए थे।

सीबीआई ने चौहान के पास से 25 संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। साथ ही, सीबीआई ने सात संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। इसमें करीब 50 लाख रुपये बरामद हुए।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com